साप्ताहिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO.-CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 21 सितम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य-3 रूपए || वर्ष-2, अंक-42

## भारतीय अर्थव्यवस्था 2022 तक 5,000 अरब डालर की होगी: मोदी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरूवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2022 तक दोगुना होकर 5,000 अरब डालर की हो जाएगी और इसमें विनिर्माण तथा कृषि क्षेत्र का योगदान 1,000-1,000 अरब डालर का होगा। यहां भारतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र की आधारशिला रखे जाने के मौके पर मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार देश के हित में कड़े निर्णय करने से नहीं हिचकेगी। इसी संदर्भ में उन्होंने ने इसी सप्ताह सरकार क्षेत्र के तीन बैंकों- देना बैंक, विजया बैंक तथा बैंक आफ बड़ौदा के विलय की घोषणा का जिक्र किया। इस विलय से बना बैंक तीसरा सबसे बड़ा बैंक होगा। प्रधानमंत्री ने



कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 8 प्रतिशत से अधिक दर से वृद्धि कर रही है और सूचना प्रौद्योगिकी तथा खुदरा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का वृहत आर्थिक आधार मजबूत है। उन्होंने कहा कि सरकार के मेक-इन-इंडिया पर जोर से उपयोग हो रहे 80 प्रतिशत मोबाइल फोन अब देश में बनने लगे हैं। इससे विदेशी मुद्रा खर्च में तीन लाख करोड़ रुपये की बचत करने में मदद मिली है मोदी ने कहा कि सरकार के कड़े निर्णय लेने का साहस है। बैंकों के विलय के अलावा उन्होंने सरकार के साहसिक कदमों में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के क्रियान्वयन का जिक्र किया। जीएसटी में केंद्रीय और राज्यों के स्तर के 17

## अध्यादेश को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

### तीन तलाक

नई दिल्ली (आरएनएस)। तीन तलाक पर मोदी सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार देर रात इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। केंद्र सरकार के पास अब इस बिल को 6 महीने में पास कराना होगा। बुधवार को कैबिनेट की बैठक में इस अध्यादेश को मंजूरी दी गई थी। यह अध्यादेश अब 6 महीने तक लागू रहेगा। बता दें कि लोकसभा से पारित होने के बाद यह बिल राज्यसभा में अटक गया था। कांग्रेस ने संसद में कहा था कि इस बिल के कुछ प्रावधानों में बदलाव किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि संविधान में अध्यादेश का रास्ता बताया गया है। किसी विधेयक को लागू करने कि लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। संविधान के आर्टिकल 123 के जब संसद सत्र नहीं चल रहा हो तो राष्ट्रपति केंद्र के आग्रह पर कोई अध्यादेश जारी कर सकते हैं। अध्यादेश सदन के अगले सत्र की समाप्ति के बाद छह हफ्तों तक जारी रह सकता है। जिस विधेयक पर अध्यादेश लाया जाता है, उसे संसद में अगले सत्र में पारित करवाना ही होता है। ऐसा नहीं होने पर राष्ट्रपति इसे दोबारा भी जारी कर सकते हैं।

बता दें कि मूल विधेयक को लोकसभा द्वारा पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है और यह राज्यसभा में लंबित है, जहां बीजेपी की अगुआई वाले एनडीए के पास बहुमत नहीं है। इस बीच केंद्रीय कैबिनेट ने 'मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण विधेयक 2017' में तीन संशोधनों को मंजूरी दी थी। सरकार ने मुस्लिम समुदाय में तीन तलाक से जुड़े प्रस्तावित कानून में आरोपी को सुनवाई से पहले जमानत देने जैसे कुछ प्रावधानों को मंजूरी दी थी। दरअसल, इस कदम के जरिए कैबिनेट ने उन चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया था जिसमें एक ही बार में तीन तलाक की परंपरा को अवैध घोषित करने तथा पति को तीन साल तक की सजा देनेवाले प्रस्तावित कानून के दुरुपयोग की बात कही जा रही थी।

### बिल में कौन-कौन से हुए बदलाव

प्रस्तावित कानून 'गैरजमानती' बना रहेगा लेकिन आरोपी जमानत मांगने के लिए सुनवाई से पहले भी मैजिस्ट्रेट से गुहार लगा सकता है। गैरजमानती कानून के तहत, जमानत पुलिस द्वारा थाने में ही नहीं दी जा सकती है।

कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बताया था कि प्रावधान इसलिए जोड़ा गया है ताकि मैजिस्ट्रेट 'पत्नी को सुनने के बाद' जमानत दे सकें। उन्होंने स्पष्ट किया था, 'हालांकि प्रस्तावित कानून में तीन तलाक का अपराध गैरजमानती बना रहेगा।' खबरों के अनुसार मैजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि जमानत तभी दी जाए जब पति विधेयक के अनुसार पत्नी को मुआवजा देने पर सहमत हो।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमित शाह आज छत्तीसगढ़ प्रवास पर

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह एक दिवसीय प्रवास पर आज 21 सितम्बर को रायपुर आ रहे है। अमित शाह सुबह 11 बजे रायपुर, माना विमानतल पहुंचेंगे। वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। अमित शाह एयरपोर्ट से सीधे सदाणी दरबार पहुंचेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी समाज के धर्म स्थल सदाणी दरबार के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह थोक बाजार डुमरतराई के पास स्थित कार्यक्रम स्थल में शक्तिकेन्द्र कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। इस सम्मेलन में भाजपा शक्तिकेन्द्र संयोजक, सह संयोजक व शक्तिकेन्द्र प्रभारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

अमित शाह भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन दोपहर 3:30 करेंगे। साथ ही सभागार में आमंत्रित कोर कमेटी, प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, निगम/मंडल अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष-महामंत्री, जिला संगठन प्रभारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक, प्रदेश मोर्चा के महामंत्री, महापौर, सभापति, नेता प्रतिपक्ष, जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष/नगर पालिका-नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रांतीय बैठक को संबोधित करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह कार्यक्रम के पश्चात् शाम दिल्ली रवाना होंगे।

### आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा में गुरुवार को सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने पर राष्ट्रीय राइफल (आरआर), जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने बांदीपुरा के शूकबाबा में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों ने जब क्षेत्र की घेराबंदी शुरू की, वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर स्वचालित हथियारों ने गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की गोलीबारी का माकूल जवाब दिया।

सुरक्षा बलों ने इस मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया हालांकि अभी तक उसका शव बरामद नहीं किया जा सका है। सूत्रों ने बताया कि जब अभियान शुरू किया गया तब क्षेत्र में चार से पांच आतंकवादी छिपे हुए थे।

### डीआर कांगो में नाव डूबी, 27 लोगों के शव बरामद

मबंडाका। उत्तरी डीआर कांगो क्षेत्र में कांगो नदी की एक सहायक नदी में एक नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 27 लोगों के डूबने की आशंका है। माना जा रहा है कि कुछ अन्य लोग भी मारे गए हैं। नाव में करीब 60 लोग सवार थे। प्रांतीय गर्वनर अल्फा बेलो-नगवटा ने बताया, 'रात में नाव के डूब जाने के बाद हमने मोंगला नदी से 27 शवों को बाहर निकाला।'

उन्होंने बताया, 'अन्य शव अभी भी पानी में है। बचाव टीम उन्हें बरामद करने का प्रयास कर रही है।' हालांकि, वह मरने वाले की सही संख्या के बारे में बताने में विफल रहे। दुर्घटना में बच गये जुनियर मोजोबो ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त नाव में करीब 60 लोग सवार थे जिसमें मुख्य रूप से व्यापारी और छात्र शामिल थे।

मोजोबो ने पहले से खराब स्थिति वाली नाव में क्षमता से अधिक लोगों को सवार करने और अंधेरे में इसे चलाने का आरोप लगाया। राजधानी किंशासा से करीब 1,500 किलोमीटर (900 मील) उत्तर पूर्व में हुए हादसे के बाद नाव का मालिक फरार हो गया। अधिकारी नाव मालिक की तलाश में हैं।

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 बदमाश ढेर


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के हरदुआगंज में गुरुवार सुबह पुलिस के साथ मुठभेड में दो बदमाश ढेर हो गए। इस दौरान एक पुलिस अधिकारी पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, हरदुआगंज में गुरुवार सुबह दो बदमाश बाइक से कहीं जा रहे थे। इस दौरान पुलिस की इन पर नजर पड़ी और उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने इनका पीछा किया तो बदमाश मछुआ नहर के पास बनी सिंचाई विभाग की एक कोठरी में घुस गए।

इस दौरान वहां पुलिस फोर्स ने उन्हें घेर लिया तो बदमाश फायरिंग करने लगे, जवाब में पुलिस की तरफ से भी फायरिंग हुई, जिसमें एसओ के पैर में गोली लग गई। यह मुठभेड़ लगभग एक घंटे तक मुठभेड़ चली। उधर पुलिस की गोली से दोनों बदमाश भी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायल बदमाश जिला अस्पताल में भर्ती कराए, जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।

## दामाद और बेटी समेत जेल से रिहा हुए पूर्व पाक पीएम नवाज शरीफ

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, उनकी बेटी मरियम शरीफ और दामाद मोहम्मद सफदर बुधवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर रोक के आदेश के बाद जेल से रिहा कर दिया गया। बता दें कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने एवनफील्ड केस में तीनों को सुनाई गई सजा पर रोक लगा दी है। 6 जुलाई को अकाउंटिबिलिटी कोर्ट ने नवाज, मरियम और सफदर को क्रमशः 10, 7 और 1 साल की सजा सुनाई थी।



डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएमएल-एन चीफ के परिवार और कैप्टन सफदर ने कोर्ट के फैसले के खिलाफ इस्लामाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। अकाउंटिबिलिटी कोर्ट के फैसले के वक्त नवाज लंदन में थे और वहां उनकी पत्नी कुलसुम नवाज का इलाज चल रहा था। नवाज और उनकी बेटी कोर्ट के आदेश के बाद स्वदेश लौटे थे जहां लाहौर में दोनों को गिरफ्तार कर अदियाला जेल भेज दिया गया था। हालांकि, उनकी मुश्किलें यहीं नहीं रुकीं और 11 सितंबर को कुलसुम का लंदन में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। नवाज और मरियम को परोल पर रिहा किए जाने के बाद दोबारा अदिलाया

## अमेरिका के दो राज्यों में हमलावरों ने की गोलीबारी, 7 लोग घायल, दो बंदूकधारी ढेर

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के दो राज्यों में 24 घंटे में दो हमले हुए। हमलावरों ने लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में अदालत परिसर की इमारत में गोलीबारी में चार लोग घायल हो गए जबकि पुलिस ने हमलावर को मार गिराया। सीएनएन ने पेंसिल्वेनिया पुलिस के लेफ्टिनेंट स्टीव डॉवलिन के हवाले से बताया कि बंदूकधारी बुधवार को दोपहर लगभग दो बजे मासोंटाउन बोरो नगरपालिका केंद्र पहुंचा और गोलीबारी करनी शुरू हो गई।



डॉवलिन ने कहा कि चार घायलों में पुलिस विभाग का एक सार्जेंट भी हैं। हालांकि, किसी की जान को खतरा नहीं है। फायेट काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रिचर्ड बॉउर ने कहा कि बुधवार को संदिग्ध की एक घरेलू विवाद मामले में सुनवाई थी। बॉउर ने कहा कि संदिग्ध पर कुछ सप्ताह पहले घरेलू विवाद में गला घोंटना, उत्पीड़न, चरमपंथी खतरे और हमले के आरोप लगे हैं। हालांकि, अभी बंदूकधारी की पहचान और उसके हमले के उद्देश्यों के बारे में कुछ पता नहीं चला है।

वहीं, अमेरिका के मिडलटन के विस्कॉन्सिन में बुधवार को फायरिंग की एक घटना में तीन लोग घायल हो गए। शिकागो ट्रिब्यून वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक, हमला बुधवार को विस्कॉन्सिन की राजधानी मैडिसन से सटे मिडलटन शहर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में हुआ। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में संदिग्ध हमलावर मारा गया

## मुंबई से जयपुर जा रहे जेट एयरवेज के विमान में सवार 30 यात्रियों के नाक-कान से गिरने लगा खून

मुंबई (आरएनएस)। जेट एयरवेज के विमान में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब गुरुवार सुबह मुंबई से जयपुर जा रही फ्लाइट में 30 यात्रियों के नाक और कान से खून निकलने लगा। असल में क्रू मेंबर केबिन प्रेशर मेंटेन करने वाले स्विच को दबाना ही भूल गए थे, जिसके चलते विमान के ऊंचाई पर पहुंचने से लोग हवा की कमी महसूस करने लगे। देखते ही देखते कुछ लोगों के नाक और कान से ब्लीडिंग होने लगी, जबकि तमाम लोग ऐसे थे, जिन्हें सिर दर्द होने लगा।

जेट एयरवेज के प्रवक्ता ने कहा, मुंबई से जयपुर जा रही फ्लाइट को आज इसलिए वापस बुलाना पड़ा क्योंकि केबिन प्रेशर कम हो गया था। 166 यात्रियों और 5 क्रू मेंबर्स समेत विमान को मुंबई में सामान्य ढंग से उतारा गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। जिन यात्रियों ने नाक और कान से ब्लीडिंग की शिकायत की थी, उन्हें फर्स्ट ऐड मुहैया कराया गया है।

प्रवक्ता ने कहा, क्रू को ड्यूटी से हटा दिया गया है और जांच का आदेश दिया गया है।

## केंद्र ने बढ़ाई पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि और एनएससी की ब्याज दरें

नई दिल्ली (आरएनएस)। छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वाले लोगों के लिए यह खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) और पीपीएफ समेत कई छोटी सेविंग्स स्कीमों के लिए अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ब्याज दर बढ़ा दी है। सभी स्कीमों पर 0.4 फीसदी तक का इजाफा किया गया है। छोटी सेविंग स्कीमों के लिए ब्याज दरों को तिमाही आधार पर संशोधित किया जाता है। पीपीएफ और एनएससी पर अब सालाना 8 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा।

वित्त मंत्रालय ने जारी अधिसूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 की तीसरी तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरें संशोधित की जाती हैं।

## पाकिस्तान ने नहीं उठाए आतंकी संगठनों के खिलाफ कदम: अमेरिका

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका ने कहा है कि जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठन अब भी क्षेत्रीय खतरा बने हुए हैं और पाकिस्तान ने 2017 में आतंकवाद पर अमेरिकी चिंता के निराकरण के लिए समुचित कदम नहीं उठाए। अमेरिका के विदेश विभाग ने वर्ष 2017 के लिए आतंकवाद पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि वैसे तो अफगानिस्तान और पाकिस्तान में अलकायदा काफी कमजोर हुआ है लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप में उसके वैश्विक नेतृत्व के अवशेष और उसके क्षेत्रीय संगठन सुदूर स्थानों से अब भी अपनी गतिविधियां चला रहे हैं । ऐतिहासिक रुप से उन्होंने इन स्थानों का उपयोग पनाहगाह के रुप में किया है।

इस रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया, 'पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा इस उपमहाद्वीप में अब भी क्षेत्रीय खतरा बने हुए हैं। ' रिपोर्ट कहती है कि 2017 में अगस्त से दिसंबर तक ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान के लिए नए विदेश सैन्य वित्तपोषण के व्यय पर विराम और इन धनों पर रोक लगाए रखा ताकि पाकिस्तान अपने यहां पनाहगाह का लाभ उठा रहे हक्कानी नेटवर्क और अन्य आतंकवादी संगठनों समेत विभिन्न समूहों के संदर्भ में अमेरिकी चिंता का निराकरण करे।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'पाकिस्तान ने 2017 में इन चिंताओं के निराकरण के लिए समुचित कदम नहीं उठाए।'

## घर आए दामाद को मारकर गाड़ा

मुजफ्फरनगर (आरएनएस)। यूपी के मुजफ्फरनगर में हॉरर किलिंग की घटना से सनसनी फैल गई है। झूठी शान की खातिर परिजनों ने ही महिला लेखपाल के पति को मौत के घाट उतार दिया। यही नहीं बल्कि हत्या करने के बाद मृतक के शव को जंगल में ले जाकर गन्ने के खेत में कई फीट गहरे गड्ढे में गाड़ दिया और ऊपर से मिट्टी डालकर गन्ने के खेत में सिंचाई के लिए पानी चला दिया। कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर लिया है और एक आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ करने में जुटी है।

## मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के केस में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में मानविधाकार कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र पुलिस और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, यानी दोनों पक्षों से सोमवार तक लिखित नोट दाखिल करने को कहा है। आपको बता दें कि मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की तरफ से दाखिल अर्जी में इस मामले को मनगढ़ंत बताते हुए एसआईटी जांच की मांग की गई है।

### किसी मराठी जानने वाले ने हिंदी नें लिखी चिट्ठी

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई शुरू हुई तो ऐक्टिविस्टों की तरफ से वरिष्ठ वकील आनंद ग्रोवर पेश हुए। ग्रोवर ने दलील दी कि पुलिस जिस लेटर का जिक्र कर



रही है उसका कंटेंट हिंदी में है। ग्रोवर ने बेंच से कहा कि पुलिस कह रही है कि रोना विल्सन और सुधा भारद्वाज ने चिट्ठी लिखी है। उन्होंने आगे कहा कि कंटेंट से साफ जाहिर होता है कि किसी मराठी जानने वाले ने हिंदी में चिट्ठी लिखी है। ग्रोवर ने कहा कि इस आधार पर यह मामला फर्जी लगता है।

### किसी भी एफआईआर में चिट्ठी का जिक्र नहीं: अभिषेक मनु सिंघवी

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की तरफ से पेश हुए ऐडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि पुलिस के ट्रांजिट रिमांड में भी लेटर का जिक्र नहीं है। जिस माओवादी प्लॉटिंग का जिक्र किया जा रहा है उसका कोई रिकॉर्ड कोर्ट में पेश नहीं किया गया। सिंघवी ने कहा कि पुलिस ने मीडिया के सामने लेटर दिखाया कि पीएम की हत्या की साजिश है पर किसी भी एफआईआर में इसका जिक्र नहीं है।

### एसआईटी की मांग गैरजरूरी: हरीश साल्वे

इस मामले में एफआईआर कराने वाले शख्स की तरफ से वकील हरीश साल्वे पेश हुए। साल्वे ने कहा कि अगर इस तरह से ऐक्टिविस्टों की गुहार को स्वीकार कर लिया जाएगा तो इसका मतलब यह होगा कि हम न तो एनआईए न सीबीआई और न ही पुलिस पर विश्वास रखते हैं।

## बीएसएफ जवान की बर्बर हत्या से आक्रोश में देश

### कांग्रेस ने केंद्र को घेरा

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में जम्मू क्षेत्र के इंटरनैशनल बॉर्डर पर पाकिस्तानी रेंजर द्वारा बीएसएफ जवान नरेंद्र सिंह की बर्बरता के साथ हत्या से देश में तनाव है। उधर विपक्ष ने सरकार से जवानों की सुरक्षा को लेकर सवाल करते हुए हमला बोला है। कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि सरकार सेना का राजनीतिक फायदों के लिए इस्तेमाल कर रही है। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लगातार जवानों पर हमलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किए हैं। बता दें कि मंगलवार को पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा जम्मू के नजदीक आईबी पर बीएसएफ के एक जवान का गला रेतने की घटना से पूरे देश में कोहराम मचा हुआ है। यह बर्बर घटना मंगलवार को रामगढ़ सेक्टर में हुई। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने 192 किमी लंबे इंटरनैशनल बॉर्डर और 740 किमी लंबी नियंत्रण रेखा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया।

कांग्रेस प्रवक्ता आर सुरजेवाला ने कहा, पहले हेमराज, अब नरेंद्र सिंह। पाकिस्तान ने उसे बर्बरतापूर्ण मार दिया। सरकार क्या कर रही है? मोदी जी क्या आपकी आपको झकझोर नहीं रही? उन्होंने आगे कहा,



कहां गया 56 इंच का सीना और कहां गई लाल आंख? कहां गया 1 के बदले 10 सिर लाने का वादा? सरकार जवानों के लिए चिंतित नहीं है। मोदी जी हमारी सेना को राजनैतिक फायदों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए नहीं सोचते। देश जवाब मांगता है और आपको जवाब देना होगा।

### क्यों मजबूर हैं पीएम मोदी?

वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री जी जवाब दें कि आखिर कब तक भारत के सैनिकों पर अत्याचार जारी रहेगा? कब तक भारत पाकिस्तान के सामने बेबस रहेगा? आखिर क्या मजबूरियां हैं प्रधानमंत्री जी की? आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र सिंह के शरीर में तीन गोलियों के निशान भी मिले हैं, वहीं उनका गला रेता हुआ था। शव की हालत देखकर कहा जा रहा है कि उन्हें काफी यातनाएं देकर मारा गया। नरेंद्र का शव छह घंटे के बाद भारत पाक बाड़ के आगे मिल पाया।

### आईबी पर घास काटने गए थे बीएसएफ के जवान

अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के गश्ती दल को मंगलवार की सुबह मैदान में लगी सरकंडे की लंबी-लंबी घास काटने के लिए बाड़ के आगे जाना पड़ा था। इस दौरान 36 चेनाब पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ के दल पर पहली बार सुबह 10 बज कर करीब 40 मिनट पर गोली चलाई गई जिसके बाद एक बीएसएफ का जवान लापता हो गया। इसके बाद उसके शव का पता लगाने के लिए दिन भर भारतीय पक्ष की ओर से सीमा के दूसरी ओर फोन करने और संवाद के आदान-प्रदान करने का सिलसिला चलता रहा।

### पाकिस्तान ने बनाया बहाना

इस दौरान बीएसएफ ने पाकिस्तानी पक्ष से लापता जवान को ढूंढने के लिए संयुक्त गश्त में शामिल होने के कहा था।